प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 18.03.2025
समय : 09:00 ए.एम.

- राजस्थान दिवस इस बार वृहद स्तर पर मनाया जायेगा–प्रदेशवासियों को पांच हजार करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात मिलेगी।
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने राजस्थान मंडपम के संबंध में उच्चस्तरीय बैठक की–कहा मंडपम से प्रदेश को नई पहचान मिलेगी।
- प्रदेश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में चिन्हित गांवों के सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया जायेगा।
- स्वच्छता सर्वेक्षण–2024 को लेकर केंद्रीय टीम जयपुर के दौरे पर।

राजस्थान दिवस इस बार वृहद स्तर पर मनाया जायेगा। इस उपलक्ष्य में सप्ताहभर कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल मुख्यमंत्री निवास पर राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाते हुए तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का कल्याण राज्य सरकार की प्राथमिकता है और राजस्थान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के माध्यम से प्रदेश के इन चारों वर्गों को सौगातें दी जाएंगी। इस पर्व पर निवेश उत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रम और लगभग 5 हजार करोड़ रूपये के विकास कार्यों का लाकार्पण और शिलान्यास भी किया जाएगा।

.......

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य की पूर्ति के लिए राज्य सरकार औद्योगिक, पर्यटन और सांस्कृतिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान मंडपम के माध्यम से व्यापारिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवायी जाएगी, ताकि प्रदेश बड़े–बड़े आयोजनों के लिए पहली पसंद बनने के साथ ही यहां कॉन्फ्रेंस टूरिज्म को बढ़ावा मिल सके। श्री शर्मा कल जयपुर में प्रस्तावित राजस्थान मण्डपम की कार्ययोजना के संबंध में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान मंडपम में हॉलिस्टिक अप्रोच के साथ आवश्यक व्यवस्थाओं और सुविधाओं की पुख्ता कार्ययोजना बनाई जाए ताकि यहां पर सभी तरह के आयोजन सुगमता से हो सके।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पुलिसकर्मियों और अधिकारियों की सेवा संबंधी मांगों को लेकर इस बार होली नहीं मनाने को लेकर गंभीरता से लिया है। मुख्यमंत्री ने अधीनस्थ पुलिसकर्मियों से संबंधित और उनकी उचित मांगों पर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का स्थाई समाधान करने के पुलिस के आला अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनन्द कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने इस विषय पर मुख्य सचिव, वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और कार्मिक विभाग के शासन सचिव से विचार विमर्श कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए है।

दिल्ली विधानसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों के लिए आज से नई दिल्ली में दो दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कार्यक्रम का उद्‌घाटन करेंगे। इसका उद्देश्य विधायकों को संसदीय प्रक्रियाओं, आचार संहिता और शासन के सर्वोत्तम तौर–तरीकों के बारे में बताना है। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में विशेषज्ञों के व्याख्यान, पैनल चर्चा और सुशासन, नीति–निर्माण तथा विधायी ढांचे पर केंद्रित सत्र होंगे जिनमें विधायक परस्पर संवाद के जरिए जानकारियां हासिल कर

सकेंगे। संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान–प्राइड इस दौरान प्रशिक्षण सत्र आयोजित करेगा, जिसमें संसदीय नियमों और विधायी तौर–तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

प्रदेश में पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में आगामी वर्षों में चिन्हित गांवों के सभी बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाया जायेगा। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा कि ''गरीबी मुक्त राजस्थान'' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में सरकार ने बड़ी पहल की है। पहले चरण में 5 हजार गांवों में योजना का क्रियान्वयन किया जायेगा। इसके लिए 300 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। टोंक जिले के मालपुरा उपखंड की विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित जनसुनवाई में श्री चौधरी ने आमजन को संबोधित भी किया। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को 15 दिन में इनका समाधान करने के निर्देश दिए।

भरतपुर में जिला प्रशासन और राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद की ओर से विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में आज से राजसखी मेला लगाया जा रहा है । लोक कला, संस्कृति और परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेले में महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

.....

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में कल से 24वें कला मेले की शुरूआत होगी। 23 मार्च तक चलने वाला यह मेला राजस्थान ललित कला अकादमी और जवाहर कला केन्द्र की सहभागिता में आयोजित हो रहा हैं। मेले की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। अकादमी के सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि मेले में राजस्थान के साथ–साथ पंजाब, उत्तराखंड और अन्य प्रदेशों के कलाकार भी हिस्सा लेंगे। 110 से अधिक स्टॉल्स पर कलाकृतियां प्रदर्शित की जाएंगी। वहीं विभिन्न लोक कलाओं की प्रस्तुति होगी। 23 मार्च को भव्य समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा।

प्रदेश में गर्मियों के मौसम को देखते हुए प्रशासन द्वारा आमजन की सुविधा के लिए अभी से इंतजाम किए जा रहे है। आमजन के साथ ही पशु पक्षियों के लिए भी विभिन्न स्थानों पर प्रबंधों की तैयारियां शुरू हो गई है। इसी कडी में पालीं जिला प्रशासन ने 40 हजार परिंडे लगाने का अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है।

.....

स्वच्छता सर्वेक्षण–2024 को लेकर केंद्रीय टीम जयपुर के दौरे पर है। 35 सदस्यीय यह टीम कल जयपुर पंहुची। 10 दिनों तक ये दल शहर की सफाई व्यवस्था और कचरा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न प्लांट्स का निरीक्षण करेगा। कल पहले दिन टीम ने हेरिटेज नगर निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की जांच की और मौके से सीधे फोटो अपलोड किए। जयपुर ग्रेटर नगर निगम आयुक्त रुक्मणि रियाड़ ने बताया कि आज टीम निगम क्षेत्र, एसएमएस अस्पताल, सरकारी कार्यालयों और सचिवालय में स्वच्छता की स्थिति का जायजा लेगी। इसके अलावा, ठोस और तरल कचरा प्रबंधन से जुड़े प्लांट्स का भी निरीक्षण किया जाएगा। स्वायत्त शासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश यादव ने अधिकारियों को सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग सुनिश्चित करने के लिए समन्वय और सहयोग पर जोर देने के निर्देश दिए हैं।